**वेबिनार- पीएम**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए "कृषि और ग्रामीण परिवर्तन" विषय पर बजट के बाद आयोजित वेबिनार को संबोधित किया। उन्होंने खेती को भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताते हुए कहा कि इस बार के केंद्रीय बजट में कृषि और गांवों के विकास को खास तवज्जो दी गई है। श्री मोदी ने कहा कि देश में इस समय अनाज, दलहन और तिलहन की रिकॉर्ड पैदावार हो रही है।

**राष्ट्रपति बंगाल दौरा**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज और कल पश्चिम बंगाल के दौरे पर हैं। आज दार्जिलिंग में वे 'वंदे मातरम्' की 150वीं वर्षगांठ पर आयोजित दार्जिलिंग हिल फेस्टिवल का शुभारंभ करेंगी। साथ ही आईआईटी खड़गपुर में महिला नेतृत्व और सशक्तीकरण विषय पर प्लैटिनम जुबिली कार्यक्रम का वर्चुअल उद्घाटन भी करेंगी। कल सात मार्च को वे दार्जिलिंग में नौवें अंतरराष्ट्रीय संथाल सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी।

**रायसीना डायलॉग**

नई दिल्ली में चल रहे रायसीना डायलॉग के दूसरे दिन विदेश मंत्री एस. जयशंकर और फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब ने ग्लोबल साउथ की भूमिका और बहुपक्षीय संस्थाओं में सुधार की जरूरत पर चर्चा की। इस तीन दिवसीय सम्मेलन में 110 देशों के करीब 2700 प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं, जिनमें मंत्री, पूर्व राष्ट्राध्यक्ष, सांसद, सैन्य अधिकारी और उद्योग जगत के दिग्गज शामिल हैं।

**उप मुख्यमंत्री- रीवा दौरा**

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कल रीवा में हिनौती गौधाम, एयरपोर्ट विस्तार, सड़कों और तालाबों समेत कई विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने 25 हजार गौवंश के लिए बन रहे शेड का काम तय समय और अच्छी गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही रीवा एयरपोर्ट विस्तार और चिरहुला मंदिर मार्ग विकास कार्य में भी तेजी लाने को कहा।

**भागीरथपुरा- सुनवाई**

इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से 35 मौतों के मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई हुई, जहां जांच आयोग ने अपनी शुरुआती रिपोर्ट पेश की। कोर्ट ने विस्तृत रिपोर्ट के लिए एक महीने का वक्त दिया है और नगर निगम को निर्माण से जुड़े रिकॉर्ड पेश करने के निर्देश दिए हैं। इस मामले में निष्पक्ष पुलिस जांच की मांग भी उठी है। अब अगली सुनवाई 6 अप्रैल को होगी।

**अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस**

आठ मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस है। इस मौके पर प्रदेश सरकार ने सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाएं आयोजित करने का फैसला किया है। इन सभाओं में महिलाओं के अधिकार, सुरक्षा, स्वास्थ्य और सशक्तिकरण से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होगी। उल्लेखनीय है कि

प्रदेश की पंचायतों में महिलाओं के लिए पचास प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था है और फिलहाल बावन प्रतिशत महिला प्रतिनिधि निर्वाचित हैं।

**पचमढ़ी- पुरस्कार**

प्रदेश के मशहूर हिल स्टेशन पचमढ़ी को जर्मनी के बर्लिन में एक बड़ा अंतरराष्ट्रीय सम्मान मिला है। यहां आयोजित 'आईटीबी बर्लिन ट्रैवल मार्ट' में पचमढ़ी को 'ग्रीन डेस्टिनेशन ब्रॉन्ज' सर्टिफिकेट दिया गया है। खास बात यह है कि यह सम्मान पाने वाला पचमढ़ी देश का पहला हिल स्टेशन बन गया है। यह सर्टिफिकेट पर्यावरण संरक्षण, साफ-सफाई और स्थानीय संस्कृति को बचाने के प्रयासों के लिए दिया जाता है।

**मौसम**

प्रदेश में इस बार मार्च की शुरुआत में ही गर्मी ने अप्रैल जैसा कहर बरपाना शुरू कर दिया है। नर्मदापुरम में पारा 39 डिग्री के पार पहुंच गया, जबकि इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन और जबलपुर में भी तापमान 35 डिग्री से ऊपर दर्ज किया गया। मौसम विभाग का कहना है कि अगले चार दिनों में पारा 40 डिग्री तक पहुंच सकता है। विभाग ने यह भी चेतावनी दी है कि अप्रैल-मई में ग्वालियर और चंबल जैसे इलाकों में पारा 45 डिग्री तक जा सकता है।

**एकीकृत बागवानी- पॉजि□व खबर**

सरकार की एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना किसानों की जिंदगी बदल रही है। इसकी मिसाल हैं भोपाल के फन्दा क्षेत्र के रहने वाले किसान रामसिंह कुशवाह। पहले वे पारंपरिक फसलों से मुश्किल से गुजारा कर पाते थे लेकिन इस योजना की मदद से पॉली हाउस में उन्होंने 30 हजार फूलों के पौधे लगाए. अब रामसिंह हर रोज चार से छह हजार रुपये कमा रहे हैं। उनके फूल दिल्ली, लखनऊ और जयपुर तक पहुंच रहे हैं।

**<u>समाचार संक्षेप में :-</u>**

- इंडिगो एयरलाइन ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष को देखते हुए यात्रियों को बड़ी राहत दी है। एयरलाइन ने पश्चिम एशिया और इस्तांबुल से आने-जाने वाली उड़ानें रद्द करने पर मिलने वाली पूरी छूट को 31 मार्च तक बढ़ा दिया है।
- राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने कल इंदौर में सीवर चैंबर में दो नगर निगम सफाई कर्मचारियों की कथित मौत का स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग ने इंदौर नगर निगम और पुलिस आयुक्त को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर इस मामले पर विस्तृत रिपोर्ट देने को कहा है।
- आगरमालवा के कानड़ शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय में कक्ष एवं प्रयोगशाला का भूमिपूजन विधायक मधु गेहलोत ने कल किया।
- भोपाल के टी.टी. नगर स्टेडियम में 15 मार्च को एमपी हाफ मैराथन महोत्सव आयोजित होगी ।
- 19 मार्च से जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ पन्ना समेत पूरे प्रदेश में किया जाएगा।

..............................